दिनांक : 21.03.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने कहा-विकसित भारत के निर्माण की दिशा में गांव का विकास है पहला कदम।
- केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना की अधिसूचना की जारी, एक अप्रैल से लागू होंगे नियम।
- राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज आठवां दिन। मध्यप्रदेश सहकारी सोयायटी संशोधन विधेयक पर होगी चर्चा।
- शीतला सप्तमी पर्व के अवसर पर प्रदेश के शीतला देवी मंदिरों में सुबह से पूजा का क्रम जारी।

प्रधानमंत्री-बावलियाली धाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण की दिशा में पहले कदम के रूप में गांवों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया है। गुजरात के भारवाड़ समाज से संबंधित बावलियाली धाम में एक कार्यक्रम के दौरान वीडियो संदेश में श्री मोदी ने सामूहिक प्रयास के महत्व का उल्लेख किया और लाल किले से दिया अपना वक्तव्य दोहराते हुए कहा कि सबका प्रयास ही देश की सबसे बड़ी सामर्थ्य है। प्रधानमंत्री ने समुदायों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा में अत्याधुनिक तरीकों के महत्व पर जोर दिया।

सरकार-एकीकृत पेंशन योजना

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण-पीएफआरडीए ने एकीकृत पेंशन योजना-यूपीएस अमल में आने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली-एनपीएस के कर्मचारियों को एकीकृत पेंशन योजना मे लाने के लिए इस वर्ष जनवरी में जारी अधिसूचना का अनुसरण है। पीएफआरडीए ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना से संबंधित नियम अगले महीने पहली अप्रैल से लागू होंगे। ये नियम तीन श्रेणियों के केंद्र सरकार के कर्मचारियों के नामांकन में लागू होंगे। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की इन सभी श्रेणियों के लिए नामांकन और दावा फार्म पहली अप्रैल से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के केंद्रीय रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी प्रोटीएन सीआरए की वेबसाइट - दचेबतं.देकस.बव.पद पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। कर्मचारी स्वयं भी फार्म जमा करा सकते हैं।

आनंद उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुख और दुःख मनुष्य के जीवन से उसी तरह जुड़े हैं, जैसे दिन के बाद रात। सुख-दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में खुशहाली लेकर आये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आनंद विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण से सरकार के साथ मिलकर एक खुशहाल समाज के निर्माण में योगदान दें। मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में गृहस्थ जीवन में आनंद के सूत्र भी बताए।

मुख्यमंत्री भिंड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भिंड जिले के मालनपुर में "मध्यम घनत्व फाइबर बोर्ड एवं संबद्ध उत्पाद संयंत्र" का शिलान्यास करेंगे। मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एलिक्सर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मीडियम डेंसिटी फाइबर बोर्ड (एमडीएफ), प्लाईवुड और अन्य मूल्य-वर्धित उत्पादों के विनिर्माण हेतु एक मेगा-स्तरीय अत्याधुनिक इकाई स्थापित की जा रही है। यह राज्य के औद्योगिक परिदृश्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

स्वच्छता सर्वे-टीम

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर सर्वे का काम आज से भोपाल में शुरू हो रहा है। स्वच्छता सर्वे की टीम आज भोपाल पहुंचकर ऑनलाइन लॉगिन करेगी उसके बाद सर्वे का काम शुरू होगा। शहर के इलाकों में पैरामीटर के अनुसार सर्वे का काम होगा। स्वच्छ शहर में नंबर वन बनने के लिए भोपाल इस बार दावा कर रहा है।

विधानसभा बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज आठवां दिन है। आज सहकारिता मंत्री कैलाश विशवास सारंग, मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, सदन में रखेंगे। इसके अलावा विभिन्न विधाई कार्य आज होने है। खातेगांव विधायक आशीष शर्मा सहित अन्य विधायक अशासकीय संकल्प के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। इसके पहल कल विधानसभा में देर शाम मानसरोवर सभागार में फाग महोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस और भाजपा के विधायकों के साथ फूलों से होली खेली। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित, मंत्री प्रहलाद पटेल समेत अन्य मंत्री और पक्ष-विपक्ष के विधायक इस अवसर पर मौजूद रहे।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आज आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। उल्लेखनीय है कि होली के कारण 15 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उपभोक्ता जागरूकता दिवस एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर इंदौर के तीन विद्यार्थियों सहित एक संस्था को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त होगा। सतना में उपभोक्ताओं को सक्रिय एवं जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

उत्तराखंड-चार धाम यात्रा

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण कल शुरू हो गया है। कल शाम 5 बजे तक पहले दिन रिकॉर्ड एक दशमलव 75 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। इस साल पंजीकरण आधार से प्रमाणित होंगे और पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना होगा।

नए थाने

प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 7 जिलों में सुरक्षा की दृष्टि से थानों और पुलिस चौकियां खोलने का आदेश जारी किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल की योजना शाखा के द्वारा जारी आदेश में भोपाल का कजली खेड़ा, खरगोन का जेतापुरा, उज्जैन महाकाल लोक एवं तपोभूमि, छतरपुर जिले का बागेश्वर धाम, देवास का कमलापुर, सीधी का मांडवास और सेमरिया तथा सतना का रेगांव शामिल है।

शीतलामाता

आज शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है। सुबह से महिलाएं शीतला माता मंदिरों में पूजा-अर्चना कर रही है। भोपाल की शीतलदास की बगीची  सहित अन्य मंदिरों में पूजा का क्रम जारी है। आगरमालवा जिले में भी सुबह से ही महिलाओं ने शीतलामाता की पूजा-अर्चना की। धुलेंडी से लेकर शीतला सप्तमी तक सात दिन सुबह महिलाएं शीतलामाता और दहन की गई होलिका को जल चढ़ाती हैं। सप्तमी के दिन घरों में चूल्हा नही जलाये जाने की परम्परा के चलते आज घरों में कल का ही बनाया हुआ खाना खाया जाता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुरैना के ग्राम ऐंती पर 29 मार्च को शनिश्चरी अमावस्या मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर जाने वाले मार्ग पर भारी वाहनों पर प्रतिबंधित लगा दिया है।

- सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर नागौद क्षेत्र के 6 उर्वरक और बीज विक्रय दुकान संचालकों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं।
- नर्मदापुरम मेहराघाट और ग्वाडीखुर्द में कल किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया।
- पन्ना जिले के पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बनौली स्थित मां कंकाली मंदिर परिसर में इस वर्ष कुआंताल मेला 5 अप्रैल से लगेगा।
- राज्य हज कमेटी ने आगामी हज यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। हज जाने वाले 7 हजार से अधिक यात्रियों की तीसरी किस्त 3 अप्रैल तक जमा की जाएगी।

-------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब .

1- आनंद उत्सव- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुख और दुःख मनुष्य के जीवन से उसी तरह जुड़े हैं, जैसे दिन के बाद रात। सुख-दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में खुशहाली लेकर आये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आनंद विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण से सरकार के साथ मिलकर एक खुशहाल समाज के निर्माण में योगदान दें। मुख्यमंत्री  के समक्ष राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में गृहस्थ जीवन में आनंद के सूत्र भी बताए।

2- मुख्यमंत्री-भिंड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भिंड जिले के मालनपुर में "मध्यम घनत्व फाइबर बोर्ड एवं संबद्ध उत्पाद संयंत्र" का शिलान्यास करेंगे। मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एलिक्सर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मीडियम डेंसिटी फाइबर बोर्ड (एमडीएफ), प्लाईवुड और अन्य मूल्य-वर्धित उत्पादों के विनिर्माण हेतु एक मेगा-स्तरीय अत्याधुनिक इकाई स्थापित की जा रही है। यह राज्य के औद्योगिक परिदृश्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

3- स्वच्छता सर्वे-टीम

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर सर्वे का काम आज से भोपाल में शुरू हो रहा है। स्वच्छता सर्वे की टीम आज भोपाल पहुंचकर ऑनलाइन लॉगिन करेगी उसके बाद सर्वे का काम शुरू होगा। शहर के इलाकों में

पैरामीटर के अनुसार सर्वे का काम होगा। स्वच्छ शहर में नंबर वन बनने के लिए भोपाल इस बार दावा कर रहा है।

4- विधानसभा बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज आठवां दिन है। आज सहकारिता मंत्री कैलाश विशवास सारंग, मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, सदन में रखेंगे। इसके अलावा विभिन्न विधाई कार्य आज होने है। खातेगांव विधायक आशीष शर्मा सहित अन्य विधायक अशासकीय संकल्प के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। इसके पहल कल विधानसभा में देर शाम मानसरोवर सभागार में फाग महोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस और भाजपा के विधायकों के साथ फूलों से होली खेली। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित, मंत्री प्रहलाद पटेल समेत अन्य मंत्री और पक्ष-विपक्ष के विधायक इस अवसर पर मौजूद रहे।

5- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आज आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। उल्लेखनीय है कि होली के कारण 15 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उपभोक्ता जागरूकता दिवस एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर इंदौर के तीन विद्यार्थियों सहित एक संस्था को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त होगा। सतना में उपभोक्ताओं को सक्रिय एवं जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

6- नए थाने

प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 7 जिलों में सुरक्षा की दृष्टि से थानों और पुलिस चौकियां खोलने का आदेश जारी किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल की योजना शाखा के द्वारा जारी आदेश में भोपाल का कजली खेड़ा, खरगोन का जेतापुरा, उज्जैन महाकाल लोक एवं तपोभूमि, छतरपुर जिले का बागेश्वर धाम, देवास का कमलापुर, सीधी का मांडवास और सेमरिया तथा सतना का रेगांव शामिल है।

7- शीतलामाता

आज शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है। सुबह से महिलाएं शीतला माता मंदिरों में पूजा-अर्चना कर रही है। भोपाल की शीतलदास की बगीची  सहित अन्य मंदिरों में पूजा का क्रम जारी है। आगरमालवा जिले में भी सुबह से ही महिलाओं ने शीतलामाता की पूजा-अर्चना की। धुलेंडी से लेकर शीतला सप्तमी तक सात दिन सुबह महिलाएं शीतलामाता और दहन की गई होलिका को जल चढ़ाती

हैं। सप्तमी के दिन घरों में चूल्हा नही जलाये जाने की परम्परा के चलते आज घरों में कल का ही बनाया हुआ खाना खाया जाता है।

..................